SN – 089

I Semester B.Sc. Examination, Nov./Dec. 2017
(CBCS) (F + R) (2016-17 and Onwards)
LANGUAGE HINDI – I
Gadya, ArthGrahan Aur Anuvad

Time : 3 Hours Max. Marks : 70

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या वाक्या में लिखिए। **(10×1=10)**

1) किस गुण के न होने से पुरुष में पौरुषेयत्व का अभाव होता है ?

2) बाबू रामगोपाल का नौकर घर क्यों जाना चाहता था ?

3) 'बिसाती' कहानी के कहानीकार कौन हैं ?

4) मिस लीला की माँ कहाँ रहती थी ?

5) दमड़ी के पास कितनी ज़मीन थी ?

6) कम्प्यूटर का हिन्दी परिभाषिक शब्द क्या है ?

7) राय साहब दमड़ी को कितने महीने की सख्त कैद का हुक्म सुनाते हैं ?

8) बाबू रामगोपाल के नौकर का नाम लिखिए ?

9) कौन-सा यन्त्र अलादीन के चिराग के समान मानव के वश में आ गया है ?

10) 'बिसाती' कहानी की नायिका कौन है ?

II. किन्हीं दो की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। **(2×7=14)**

1) समाज या जाति का एक एक आदमी यदि
अलग-अलग अपने को सुधारे, तो
जाति-की-जाति या समाज-का-समाज
सुधर जाए।

2) वे हमें अभ्यास कराते हैं कि कैसे बिना
ऊबे, अवमानना की अवहेलना करके
अनिश्ति काल के लिए किसी के
दरवाज़े पर इन्तज़ार किया जाता है।

P.T.O.

3) जानती हो, यह साँप के मुँह में उँगली
डालना है। यह भी जानती हो कि मुझे
ऐसी बातों से कितनी नफरत है, फिर
भी बेसब्र हो जाती है।

III. 'रात के राही' एकांकी का सार लिखकर उसकी विशेषताएँ बताइए। 16

अथवा

'सभ्यता केवल हुनर के साथ ऐब करने का नाम है' – इस तथ्य की पुष्टि 'सभ्यता का रहस्य' पाठ के आधार पर किजिए।

IV. किन्हीं दो पर टिप्पणी लिखिए। (2×5=10)

1) बाबू रामगोपाल।

2) बिसाती।

3) कम्प्यूटर।

V. निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (1×10=10)

प्राचीन काल में विभिन्न नामों जैसे आर्यावर्त, भारतवर्ष व हिन्दुस्तान आदि द्वारा पुकारा जानेवाला आधुनिक भारत सारे विश्व में अपना विशिष्ट स्थान रखता है। यह देश उत्तर में हिमालय से लेकर दक्षिण में रामेश्वरम तक और पूर्व में असम से लेकर पश्चिम में गुजरात तक फैला हुआ है। क्षेत्रफल की दृष्टि से संसार में भारत का सातवाँ तथा जनसंख्या की दृष्टि से दूसरा स्थान है। यह राम, कृष्ण, बुद्ध, महावीर, नानकदेव जैसे धर्मगुरूओं तथा बाल्मीकि, भवभूति, कालिदास, सूरदास, तुलसीदास आदि कवियों की कर्मस्थली है। यहाँ पर कृषि-भूमि तथा खनिज भण्डारों के प्रचुरता है। प्राचीन काल में 'सोने की चिड़िया' कहलाने वाला यह देश हमेशा विदेशियों का आकर्षण केन्द्र रहा है। सैकड़ों वर्षों की दासता का, अनगिनत देश-भक्तों के बलिदानों से 15 अगस्त 1947 को अंत हुआ। आज यह देश कृषि, उद्योग और तकनीकी क्षेत्र में चौमुखी विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है।

1) प्राचीन काल में भारत देश किन-किन नामों से पुकारा जाता था ?

2) भारत देश की सीमा कहाँ से कहाँ तक हैं ?

3) क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का संसार में कौन-सा स्थाना है ?

4) जनसंख्या की दृष्टि से भारत का संसार में कौन-सा स्थान है ?

5) भारत देश किन धर्मगुरुओं तथा किन कवियों की कर्मस्थली है ?

6) प्राचीन काल में भारत क्या कहलाता था ?

7) सैंकड़ो वर्षों की दासता का अन्त कब हुआ ?

8) आज यह देश किन–किन क्षेत्रों में विकास कर रहा है ?

9) 'प्राचीन' का विलोम शब्द लिखिए।

10) 'विकास' का पर्यायवाची शब्द लिखिए।

VI. हिन्दी में अनुवाद कीजिए। **(10×1=10)**

1) Chemistry
2) Archaeology
3) Acoustics
4) Immunity
5) Nutrient
6) Environment
7) Wild Animals
8) Radiation
9) Microscope
10) Spinal Cord.